## जन हितैषी

# देश में चल रहा ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट

राजधानी दिल्ली में फर्जी ईडी अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। हाल ही में दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके के फार्म हाउस में 7 लोगों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर फार्म हाउस मालिक से पांच करोड़ रुपये की मांग की। यही नहीं ईडी के फर्जी अधिकारियों ने फार्म हाउस में घुसकर वहां के लोगों को डराया धमकाया और रातभर बंदी बनाकर रखा। गैंगस्टर की तरह उन्हें धमकाया और उनके साथ मारपीट भी की गई। उनके मोबाइल छुड़ा लिए गए। अपराधी गिरोह के सदस्यों की तरह बंदी बनाए गए लोगों को धमकाया गया। तथाकथित ईडी के अधिकारी फार्म हाउस पर रातभर रुके रहे। डरा धमकाकर सुबह बैंक में मलिक को बैंक में ले जाकर उससे रकम वसूलने की कोशिश की। इसी बीच फार्म हाउस के मालिक ने अपने वकील और दोस्तों को फोन कर दिया। बैंक अधिकारियों ने भी गेट बंद करने की कोशिश की। इससे घबराकर फर्जी ईडी के अधिकारी बैंक से बाहर निकल गए। उन्होंने अपने साथियों को फार्म हाउस में भी सूचना दे दी, वहां से वह भी भाग गए। फार्म हाउस के मालिक की सूझ-बूझ से इस घटना का पर्दाफाश हुआ। वह लुटने से बच गया। जब इसकी शिकायत पुलिस और ईडी के अधिकारियों को दी गई। ईडी के अधिकारियों ने छापे की कोई पुष्टि नहीं की। उसके बाद पुलिस ने लुटेरों को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की। अभी तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है। यह घटना भारत में कानून और व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करती है। भारत में जांच एजेंसी किस तरह से काम करती हैं। उनका किस तरह का भय आम लोगों के बीच है, यह उजागर होता है। इस घटना से स्पष्ट है कि ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट देश के विभिन्न हिस्सों में किस तरह से चल रहा है। प्रवर्तन निदेशालय, जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग पर नियंत्रण रखना है। ईडी को जांच और गिरफ्तारी के लिए विशेष अधिकार मिले हुए हैं। ईडी का भय और उसकी अपराधिक छवि गैंगस्टर की तरह बनती जा रही है। ईडी जिन लोगों को गिरफ्तार करती है और पिछले वर्षों में ईडी के अधिकारियों ने जिन्हें गिरफ्तार किया। उनमें बड़े-बड़े राजनेता, मुख्यमंत्री, मंत्री, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और बड़े-बड़े कारोबारी शामिल थे। उनकी कई महीने तक न्यायालय से जमानत नहीं हुई। जिसके कारण ईडी का भय आम लोगों में बड़ी तेजी के साथ फैल गया है। ईडी का नाम सुनते ही लोगों में डर और भय पैदा हो जाता है। ईडी के नाम का फायदा उठाकर अपराधी गिरोह भी बड़े पैमाने पर ठगी करने लगे हैं। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों, जिनके पास व्यापक रूप से गिरफ्तारी के अधिकार हैं, उन जांच एजेंसी के अधिकारी किस तरह से लोगों को प्रताड़ित करते हैं। किस तरह से झूठे मामले बनाते हैं। अब यह बात किसी से छिपी हुई नहीं रही। समय-समय पर जांच एजेंसी के अधिकारी और कर्मचारियों के आचार-व्यवहार की जांच सरकार को करानी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। ताकि कोई व्यक्ति जांच एजेंसियों के नाम का दुरुपयोग ना कर सके। राजधानी दिल्ली के पास छतरपुर में इस तरह की घटनाओं का होना हर किसी को डराने के लिए पर्याप्त हैं। कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने और लोगों के मन में जांच एजेंसियों को लेकर विश्वास बहाल करने के लिए सरकार को विशेष प्रयास करने होंगे। पिछले कुछ महीनो में जिस तरह ईडी के अधिकारियों द्वारा वसूली किए जाने के मामले सामने आए हैं। उसके बाद से अपराधी गिरोह और ठग ईडी के अधिकारी बनकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और ठगी करने लगे हैं। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ठगी के मामले बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। गुजरात के गांधीनगर में हाल ही में नकली कोर्ट, नकली जज, नकली वकील और नकली फैसले से किस तरह से लोगों को ठगा जा रहा है। यह भी सामने आ चुका है। ऐसी स्थिति में सरकार को ठगी की इन घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। जिस तरह से ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उसके बाद सरकार की छवि पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इस मामले में सजग होने की जरूरत है।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता का विषय

महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालाँकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फ़ार्मूला निकाला था, बांकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक़्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल - पल बदलती है, ख़ासकर राजनीति नम्बरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मज़बूत स्थिति में है। जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब ये तो शरद पवार - और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालाँकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सबकुछ हासिल करना चाहते हैं।

कहाँ तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार - जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमज़ोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार - संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालाँकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है।

हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा।

महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा - कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतो से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क हैं जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं।

हालाँकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में महत्वकांक्षा या सत्ता की वो रस्साकशी यहां देखने को नहीं मिलने वाली।

उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओ की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने - बनाने की बात अभी दूर की बात है क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं। ( लेखक- दिलीप कुमार पाठक /ईएमएस )

# नकली डिब्बा,नकली बोतल, ले ले मेरे यार

( लेखक - राकेश अचल / ईएमएस )

जब से होश सम्हाला है तभी से अमूल के उत्पादों पर भरोसा करता आया हूँ। अमूल मेरा बड़ा भाई है या बहन ,ये मै नहीं जानता ? लेकिन अमूल तो अमूल है । बिना कसी प्रधानमंत्री को अपना ब्रांड एम्बेस्डर बनाये अमूल आजादी मिलने से ठीक एक साल पहले वजूद में आया। मुझसे 13 साल बड़ा है अमूल। गुजरात के त्रिभुवन दस पटेल साहब की दें है । पटेल साहब के इस उपहार से पूरा देश धन्य हुआ और है । पटेल साहब को उस समय से लेकर आजतक किसी खास आदमी को अपना ब्रांड एम्बेस्डर नहीं बनाना पड़ा । अमूल आम आदमी के लिए था और अमूल का ब्रांड एम्बेस्डर भी आम आदमी ही है ,लेकिन अब अमूल को भी नक्कालों की नजर लग गयी है। देश का आधा बाजार अमूल के नकली घी से अटा पड़ा है।

हम भारतीय किसी और में विश्व गुरू बने हों या न बने हों लेकिन नकल करने में दुनिया के विश्व गुरू अवश्य है । हमारे सामने नकल करने वाले दुसरे देश शायद कहीं नहीं टिकते। हमारे हुनरमंद नक्काल दुनिया के किसी भी उत्पाद की हू-ब-हू नकल करने में समर्थ है। खाने-पीने की चीज हो या पांव में पहनने की चप्पल। अंडर वियर हो या बनियान। हम उसकी नकल तैयार कर सकते है। घी,दवाएं,कपड़े,दाल-चावल,तेल तो सामान्य चीजे हैं। इन नकल विशेषजों की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप अब बाजार में नकली अमूल घी भी उपलब्ध है । मुझे जब इस बारे में खबर मिली तब तक मेरे घर में अमूल घी का पदार्पण हो चुका था। मुझे नहीं पता कि मै असली अमूल घी लाया हूँ या नकल। भगवान मेरे परिवार की ही नहीं अपितु मेरी तरह देश के तमाम अमूल घी प्रेमियों की रक्षा करें।

गनीमत है कि अमूल कम्पनी हमारी सरकारों की तरह गैर जिम्मेदार नहीं है ,वो अपने उपभोक्ताओं का पूरा ख्याल रखती है इसलिए उसने खुद अमूल के नकली घी के बारे में खुलासा किया। अमूल ने नकली घी बेचने वालों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। कंपनी ने बताया कि कुछ लोग नकली अमूल घी बेच रहे हैं। खासकर ऐसे एक लीटर वाले रीफिल पैक में, जो अमूल तीन साल से नहीं बना रही है। अमूल ने लोगों से कहा है कि वे घी खरीदने से पहले पैकेजिंग की जांच जरूर कर लें। कम्पनी के इस खुलासे के बाद से हमारे पेट में उपद्रव शुरू हो गया है क्योंकि हम कुछ रूपये बचने के फेर में तीन साल से अमूल के रिफिल पैकेट ही घर में ला रहे थे। यानि हम सब नकली घी खा रहे थे,वो भी अमूल का। उस अमूल का जिसका मतलब ही अनमोल होता है।

हमारे देश में जबसे सरकार ने मेक इन इण्डिया,मेड इन इंडया जैसे नारे दिए हैं तबसे और उससे पहले से ही नक्काल सक्रिय हैं। देश में नकली उत्पादों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। देश में यदि अमूल का कारोबार 4 बिलियन डालर का है तो नकली उत्पादों का करोबार इससे चार गुना ज्यादा होगा। आप चूंकि आजकल अख़बार कम पपढ़ते हैं और मोबाईल में उलझे रहते हैं इसलिए शायद आपको नहीं पता कि दुनिया में नकली प्रोडक्टका कारोबार कुल बिजनेस का 3.3 फ़ीसदी हिस्सा हो गया है।नकली उत्पादों के कुल मामले में से 84 फ़ीसदी से अधिक सिर्फ पांच सेक्टर में से आते हैं।अकेले भारत में नकली प्रोडक्ट के उत्पादन/बिक्री के मामले सालाना 20 फ़ीसदी की दर से ऐसे बढ़ रहे हैं जैसे अहिन की माता सुरसा का आकार बढ़ता है।

आप जो खा रहे हैं,जो पहन रहे हैं उसमें क्या असली है और क्या नकली है ये भगवान भी शायद आपको नहीं बता सकत। अब दीपावली पर आप जो मावा मिष्ठान खायेंगे,शुद्ध देशी घी के लड्डू खाएंगे उसमें कितना मावा असली होगा,कितना घी असली होगा ये कोई नहीं जनता। बस खाये जाओ,खाये जाओ और हरि के गुण गाये जाओ। क्योंकि देश की कोई भी सरकार इस नकल के कारोबार पर नकेल नहीं डाल सकती । किसी भी दल की सरकार हो,एक इंजिन की हो डबल इंजिन की ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नक्काल सभी राजनीतिक दलों और सरकारों से ऊपर हैं। पूरी दुनिया और खासकर हम हिन्दुस्तानी इन नक्कालों की कृपा,अनुकम्पा पर ही ज़िंदा हैं।

हमें याद है कि एक जमाने में देशी घी तो छोड़िये डालडा भी शुद्ध बिकता था । आज के जमाने में तो तिरुपति बाला जी का प्रसादम भी असली नहीं मिलता । लेकिन जो भी उत्पाद नेताओं की तरह घर-घर पहुंचा ,उसकी नकल बाजार में आ गयी।हमने फिल्मों में ही नहीं बल्कि असल में नकली पुलिस,नकली आईएएस-आईपीएस,नकली डाक्टर देखे हैं और अब तो गुजरात में नकली जज और नकली अदालतें भी सम्मान पा चुकीं है। गुजरात मॉडल केवल विकास और सत्यानाश के मामले में ही अनुकरणीय नहीं है बल्कि नकल के मामले में भी अनुकरणीय है। जिन देशों की आर्थिक स्थिति खराब है वे भारतीय नक्कालों से परामर्श लेकर अपने आपको डूबने से बचा सकते हैं ।

कोई माई का लाल नकली और असली में भेद करके बता दे तो मै उसके लिए पदम् पुरस्कार दिलाने में सिफारिश करने का भरोसा दिला सकता हूँ। वैसे नकल उद्योग को देखते हुए इस देश में नक्कालों का भी हक बनता है कि वे पद्मश्री,पदम् भूषण और पद्म विभूषण जैसे सम्मानों से अलंकृत किये जाएँ। भारतीय नक्काल केवल एक उत्पाद की नकल नहीं बना पाए और वो है नेता। देश में नकली नेताओं का घोर अभाव है। जितने भी और जैसे भी नेता हैं ,वे असली है। नकली कारोबार की प्रगति ,उन्नति और प्रतिष्ठा को देखते हुए नवाचार में सिद्धहस्त हमारी सरकार को न सिर्फ केंद्र में बल्कि केंद्र शासित क्षेत्रों और डबल इंजन से चंलने वाली राज्य सरकारों में एक नकल मंत्रालय और एक नकल मंत्री भी बना देना चाहिए।

आप शायद न जानते हों लेकिन हकीकत ये है कि जैसे दुनिया मदर्स डे,फादर्स डे ,विमेंस डे मानती है उसी तरह हर साल 8 जून को दुनियाभर में एंटी काउंटरफेट डे मनाया जाता है। यानि नकल विरोधी दिवस। इस अवसर पर दि आथंटिकेशन सोल्यूशन प्रोवाइडर्स एसोसिएशन एक रिपोर्ट जारी करती है। इस संस्था की एक के मुताबिक भारत में नकली प्रोडक्ट के उत्पादन/बिक्री के मामले सालाना 20 फ़ीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। अगर बात पांच प्रमुख सेक्टर में नकली उत्पादों की करें तो दवा, हेल्थ सप्लीमेंट, सुरक्षा उत्पाद, हाइजीन एवं अन्य जरूरी चीजों की बढ़ी हुई मांग का फायदा उठाते हुए धोखेबाज नकली उत्पाद का जाल बिछा रहे हैं। दुनिया भर में नकली प्रोडक्ट का कारोबार कुल बिजनेस का 3.3 फ़ीसदी हिस्सा हो गया है।अब 145 करोड़ की आबादी वाले देश में ये हिस्सेदारी भी कोई हिस्सेदारी है भला ? यहां भी कम से कम फिफ्टी-फिफ्टी का हिस्सा तो होना ही चाहिए ।

मै कल्पना करता हूँ कि 56 साल पहले फिल्म नीलकमल के लिए खाली डिब्बा-खाली बोतल गीत लिखने वाले साहिर साहब यदि आज जीवित होते तो वे लिखते -

नकली डिब्बा,नकली बोतल, ले -ले मेरे यार

नकली से मत नफरत करना ,नकली सब संसार

हमारे देश में कोई भी नकल से घृणा करने वाला नहीं है । देश के सबसे बड़े नेताओं पर भी नकल का इस्तेमाल करने का आरोप लग चुका है। लोगों की डिग्रियां और उपाधियाँ तक नकल प्रधान है। उन्हें देश की सबसे बड़ी अदालतों में चुनौती दी जाती है लेकिन देश की सबसे बड़ी अदालत भी नकल को नकल साबित करने में कामयाब नहीं होती। इसलिए हे देशवासियो नकल से घृणा मत करो। नकल हमारा राष्ट्रीय उद्योग है। इसे संरक्षण मिलना ही चाहिए। हर सूरत में मिलना चाहिए क्योंकि हम देश की बढ़ती आबादी को सौ फीसदी असल माल उपलब्ध करने की स्थिति में नहीं हैं।इसलिए नकल माफिया इस देश की जरूरत है।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निर्माताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निर्माताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मो के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मो को समान नजर से देखा जाता है।

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठयक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठयक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मो एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चर्चाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।'


इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ''जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।'' राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।' लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं, अवधारणाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये हिदायत दी है। ( लेखक- - ललित गर्ग/ ईएमएस )

## सुंदर ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया : सबा करीम

पुणे ( ईएमएस )। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर बल्लेबाज सबा करीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाज के लिए स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की सराहना की है। करीम ने कहा कि भारतीय टीम जब बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संघर्ष कर रही थी तब सुंदर ने अच्छी गेंदबाजी कर सभी को प्रभावित किया है। इस गेंदबाज ने दो पारियों में 11 विकेट लिए हैं, जिससे उसकी क्षमता का पता चलता है।

सबाने कहा, सुंदर ने काफी अच्छा प्रयास किया है। वह बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने और आउट करने के प्रयास करता रहा। वहीं मैच में भी ऐसा लगा कि न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों में केवल सुंदर का ही डर नजर आया।। उन्होंने यह भी कहा कि सुंदर को अपनी लंबाई का भी गेंदबाजी में लाभ मिला। इससे वह गति पैदा कर रहे हैं और उछाल हासिल कर रहें हैं। इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा, शायद यही कारण है कि उन्हें टीम में जगह मिली है। उन्हें इस टेस्ट टीम में वापस आने में काफी समय लगा है पर मुझे लगता है कि उनके इस टेस्ट मैच के प्रदर्शन से उनके करियर को आये एक दिशा मिलेगी। वाशिंगटन सुंदर का यह प्रदर्शन निश्चित रूप से भारतीय क्रिकेट के लिए एक अच्छा संकेत है।

### शब्द पहेली - 8170



**बाएँ से दाएँ**

1.लाचार,बेबस-3
3.प्राण,जान-3
5.दुर्ग,फोर्ट-2
6.सद्पुरुष-2
8.कवायद-4
10.प्रतिघात,मुआवजा-3
12.कंठ,गला-3
13.लकड़ी-2
14.प्रथम मानव-2
15.धोखेबाज,कपटी-3
17.माजरा,घटना-3
19.कहासुनी,झंझट -4
21.संबोधन-2
23.चावल-2
24.रगड़ना,लगाना-3
25.वादा,प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**

1.लता,लतिका-2
2.चावल (अंग्रेजी-3)
3.हूर,अप्सरा-3
4.आकाश,व्योम-2
5.शायरी करनेवाला-3
7.योग्य,उपयुक्त-3
8.अदाकार,फनकार-4
9.घोड़ागाड़ी-2
12.बजरंगबली-4
15.माह,मास-3
16.जांघ,जंघा-2
18.धिक्कार,फटकार-3
19.मामूली,तुच्छ-3
20.बहने का भाव-3
22.संस्कृत में 'मेरा'-2
23.होश,आभास-2

**शब्द पहेली -8169 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ह | | प | र | दा | | क | म |
| ग | | क | ना | त | | र | च | ना |
| | क | ल | ह | | ग | ह | ग | |
| श | र | म | | ह | र | म | | स |
| री | म | | आ | रा | म | | क | म |
| फ | | शी | स | म | | न | ह | र |
| | क | त | रा | | अ | म | र | |
| बा | द | ल | | रा | ज | न | | त |
| ज | र | | ज | ह | र | | द | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# खेल - समाचार

## ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा

मुम्बई ( ईएमएस )। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे दौरे के लिए टीम घोषित कर दी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम को पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद वह रोहित शर्मा की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कार सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला टी20 मैच खेलेगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : सूर्यकुमार यादव ( कप्तान ), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन ( विकेटकीपर ), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा ( विकेटकीपर ), हार्दिक पंडया, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान और यश दयाल।

दक्षिण अफ्रीका दौरे का पहला टी20 08-नवंबर को डरबन में जबकि दूसरा टी20 10 नवंबर को गक्रेबरहा में, वहीं 13-को तीसरा टी20 सेंचुरियन में व 15-नवंबर को चौथा टी20, जोहानसबर्ग में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :

रोहित शर्मा ( कप्तान ), जसप्रीत बुमराह ( उपकप्तान ), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत ( विकेटकीपर ), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल ( विकेटकीपर ), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

## पाकिस्तान ने चार साल बाद घरेलू धरती पर पहली टेस्ट सीरीज जीती

तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया

रावलपिंडी ( ईएमएस )। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। इसी के इसके साथ ही मेजबान पाक टीम ने चार साल के बाद अपनी घरेलू धरती पर कोई सीरीज जीती है। टीम पिछले काफी समय से लगातार मिली हार के कारण दबाव में थी। उसे 2021 के बाद घर पर पहली सीरीज जीतने में सहायता मिली है। तीसरे टेस्ट में पाक टीम की जीत में स्पिनर नोमान अली और साजिद खान की अहम भूमिका रही। इन दोनो के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इन दोनो ने मेहमान टीम के बल्लेबाजों को पूरी तरह से धवस्त कर दिया। लंच से पहले इंग्लैंड की टीम केवल 112 रनों पर ही आउट हो गयी। ये पाक में इंग्लैंड का अब तक का कम स्कोर है। इससे पाक टीम को जीत के लिए केवल 36 रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। कप्तान शान मसूद ने 6 गेंदों पर 23 रन बनाये। उन्होंने छक्का लगाकर मैच और सीरीज जीत ली। इससे पहले 24/3 से आगे खेलते हुए दिन की शुरुआत इंग्लैंड के लिए अच्छी रही। हैरी ब्रूक और जो रूट ने अच्छी शुरुआत की पर इनके आउट होने पर इंग्लैंड टीम ढ़ह गयी। इंग्लैंड ने 46 रन पर ही सात विकेट खो दिए।

यह कप्तान के रूप में शॉन मसूद की पहली सीरीज जीत है। इससे उन्हें खासी राहत मिली है। टीम में इस बार बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी तक शामिल नहीं थे। उनकी जगह साजिद और नोमान को शामिल किया गया। इन दोनो ने ही सूखी, टर्निंग पिचों का पूरी तरह से लाभ उठाया और अंतिम दो मैचों में दबदबा बनाते हुए 40 में से 39 विकेट ले लिए। पाक के लिए बदलाव अच्छे रहे। छह टेस्ट हार और घरेलू मैदान पर 11 मैचों की हार के बाद उसे जीत मिली है। टीम के लिए यह राहत देने वाली जीत है क्योंकि पिछले कुछ महीने उसके लिए बेहत कठिन रहे हैं। वहीं इंग्लैंड की इस साल चार टेस्ट मैचों में तीसरी हार है।

## अर्जुन एरिगैसी ने बनाया रिकार्ड , 2800 एलओ रेटिंग हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने

नई दिल्ली ( ईएमएस )। भारत के युव शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने यूरोपियन क्लब कप के पांचवें दौरमें रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन को हराकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ ही अर्जुन 2800 एलओ रेटिंग हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड केवल विश्वनाथान आनंद के आना था आनंद ने साल 2011 में 2820 एलओ रेटिंग हासिल की थी

अर्जुन ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2024 में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए टीम अल्कलॉइड की ओर से पांचवें दौर में रूस के दिमित्री हराया। इस जीत से वह लाइव रेटिंग सूची में विश्व में तीसरे नंबर पहुंच गये। अर्जुन 2800 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले 16वें खिलाड़ी बन गए हैं।

वहीं अलीरेजा फिरोजा 2800 अंक की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वहीं पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

इससे पहले भारत के अर्जुन ने फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर 2024 डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप अपने नाम किया था। उससे उन्हें 20,000 यूरो का शीर्ष पुरस्कार और 27.84 फिडे सर्किट अंक मिले थे। अर्जुन अब फिडे स्टैंडिंग में शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं जबकि भारत की बात की जाये तो वह शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अर्जुन ने पिछले कुछ महीनों में वह शानदार प्रदर्शन करते हुए बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड 2024 में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं टेपे सिगमैन शतरंज टूर्नामेंट में उन्हें दूसरा स्थान मिला। शारजाह मास्टर्स ओपन टूर्नामेंट में वह संयुक्त रूप से पाँचवाँ स्थान पर रहे।

## मोहम्मद रिजवान ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली ( ईएमएस )। पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 2000 रन बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि उन्होंने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की। रिजवान ने यह कारनामा केवल 57 टेस्ट पारियों में किया, जो पूर्व रिकॉर्ड धारक सरफराज अहमद के 59 पारियों के रिकॉर्ड को तोड़ता है।

रिजवान, जो पाकिस्तान की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं, को राष्ट्रीय टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मैच से पहले वह इस उपलब्धि से 16 रन दूर थे, और उन्होंने बिना किसी परेशानी के 2000 रन का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत जैक लीच की गेंद पर डीप मिडविकेट क्षेत्र में छक्का लगाकर की, जिससे उनके इरादे स्पष्ट हो गए। हालांकि, वे ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और रेहान अहमद ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। रिजवान ने 46 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए।

जब रिजवान आउट हुए, तब पाकिस्तान 49.3 ओवर में 151 रन पर पांच विकेट खो चुका था, जो कि इंग्लैंड की पहली पारी के स्कोर 267 से 116 रन पीछे था। रिजवान ने 2016 में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत के बाद से अब तक 35 टेस्ट मैचों में 41.85 की औसत से 2009 रन बनाए हैं। उन्होंने अगस्त 2024 में रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ नजमुल हुसैन शांतो के खिलाफ नाबाद 171 रन के साथ तीन शतक भी बनाए हैं। जबकि पाकिस्तान ने मुल्तान में पहले टेस्ट में पारी से हार का सामना किया था, उन्होंने उसी स्थान पर शानदार जीत के साथ श्रृंखला में बराबरी हासिल की। रिजवान की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट के लिए भी एक गर्व का क्षण है।

## इंडिया ए इमर्जिंग एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अफगानिस्तान से हारकर बाहर हुई

दुबई ( ईएमएस )। इंडिया ए टीम इमर्जिंग एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। ग्रुप स्टेज के अपने तीनों मुकाबलों को जीतने वाली भारतीय ए टीम को एक रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान के हाथों 20 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में अफगान बल्लेबाजों ने पहले खेलते हुए तेजी से रन बनाये। सलामी बल्लेबाज जुबैद अकबरी और सेदिकुल्लाह अटल ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी बनायी। अकबरी ने 64 जबकि सेदिकुल्लाह ने 83 रन बनाए। वहीं एक अन्य क्रिकेटर करीम जन्नत ने भी 20 गेंदों पर 41 रन बनाकर स्कोर 206 तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 186 रन ही बना पायी।

अफगानिस्तान ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में ही 137 रन बना दिए थे। अकबरी 41 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाकर आऊट हुए। इसके बाद अटल ने करीम जन्नत के साथ मिलकर स्कोर 181 तक पहुंचाया। यहां सेदिकुल्लाह ने 52 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर बनायेए। करीम ने 20 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। वहीं भारत की ओर से गेंदबाज रसिख सलाम ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय की शुरूआत खराब रही। क्योंकि स्टार अभिषेक शर्मा 5 गेंदों पर महज 7 रन बनाकर आऊट हो गए।

# 8 लाख रुपये तक की इनकम हो सकती है टैक्स फ्री, 9 करोड़ लोग भर सकते हैं आईटीआर

नई दिल्ली (ईएमएस)। हर साल इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस साल करीब 7.3 करोड़ लोगों ने आईटीआर फाइल किया है और मार्च 2025 तक यह संख्या 9 करोड़ को पार कर सकती है। यदि सरकार 8 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को टैक्स फ्री करने का फैसला लेती है, तो यह आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस छूट की मांग जोर पकड़ रही है और ऐसी संभावना है कि सरकार 60 से 80 साल के वरिष्ठ नागरिकों को यह राहत दे सकती है।

- 2 करोड़ ज्यादा आईटीआर फाइल होने की संभावना

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के आर्थिक विभाग की रिसर्च रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर सरकार असेसमेंट ईयर 2024-25 में आईटीआर की संख्या बढ़ाना चाहती है, तो उसे ऐसे कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को यह छूट दी जाती है, तो रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। अनुमान है कि इस कदम से लगभग 2 करोड़ और अतिरिक्त आईटीआर फाइलिंग होंगे, जिससे वित्तीय वर्ष के अंत तक यह संख्या 9 करोड़ को पार कर सकती है। अगले साल यह आंकड़ा 10 करोड़ के पार भी पहुंच सकता है।

- टीडीएस कटौती और सर्टिफिकेट में बदलाव की सिफारिश

रिपोर्ट के अनुसार, असेसमेंट ईयर 2022 में कुल 7.3 करोड़ आईटीआर फाइल किए गए थे, जो असेसमेंट ईयर 2024 में बढ़कर 8.6 करोड़ हो गए। तय तारीख के बाद आईटीआर भरने वालों की संख्या में गिरावट आ रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोग समय पर आईटीआर फाइल करने के अनुशासन का पालन कर रहे हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी प्रक्रिया और फॉर्म को आसान बना दिया है, जिससे आईटीआर भरना सरल हो गया है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि सरकार को टीडीएस कटौती के दायरे में सुधार करना चाहिए और टीडीएस सर्टिफिकेट में भी बदलाव करने चाहिए।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.16 अरब डॉलर घटकर 688.27 अरब डॉलर हुआ

- पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 690.43 अरब डॉलर था

मुंबई (ईएमएस)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.16 अरब डॉलर की ?गिरावट के साथ 688.27 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा था। हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में आई यह सबसे बड़ी गिरावट थी। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.87 अरब डॉलर घटकर 598.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.79 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.44 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.8 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.32 अरब डॉलर रहा।

## दिवाली से पहले दोगुना हुआ मुद्रा लोन

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिवाली से पहले सरकार ने मुद्रा योजना के तहत लोन सीमा बढ़ा दी है। सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है, जिसका उद्देश्य छोटे उद्यमियों को मदद करना है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को केंद्रीय बजट में इस वृद्धि की घोषणा की थी। यह कदम नए उद्यमियों को अपने उद्योगों का विस्तार करने में सहायक साबित होगा। अधिसूचना के अनुसार तरुण प्लस श्रेणी के तहत 10 लाख रुपए से अधिक और 20 लाख रुपए तक के लोन उन उद्यमियों को उपलब्ध होंगे जिन्होंने पहले का लोन सफलतापूर्वक चुका दिया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत 8 अप्रैल, 2015 को हुई थी। इस योजना का उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को बिना गारंटी के 10 लाख रुपए तक का लोन प्रदान करना है। बैंक इस योजना के तहत तीन श्रेणियों में लोन देतेहैं:शिशुः 50,000 रुपए तक, किशोरः 50,000रुपए से 5लाख रुपए तक और तरुणः10लाख रुपए तक (अब 20 लाख रुपए)। इसके ?लिए पात्रता- उद्यमी भारत का नागरिक होना चाहिए, उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए, बैंक डिफॉल्ट हिस्ट्री नहीं होनी चाहिए।

## धनतेरस पर सोना-चांदी दोनों में निवेश करना फायदेमंदः बाजार विशेषज्ञ

- दोनों ही की कीमती धातुओं में आगे भी मजबूती आने की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। धनतेरस के त्योहार पर भारत में जमकर खरीदारी होती है। ???विशेष तौर पर देखा जाए तो सोने और चांदी की कीमतें इस साल खूब बढ़ी है। वैश्विक अनिश्चितताओं और बढ़ती मांग के चलते सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। इस साल 29 मई को चांदी ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। एक जनवरी 2024 को चांदी की कीमत 73,395 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसी तरह 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 63352 रुपये थी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि जब सोने और चांदी की मांग पीक पर होती है, तो निवेशकों को सोच-समझकर फैसले लेना चाहिए। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए अभी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आने की कोई आशंका नजर नहीं आ रही है। आने वाले समय में हाजिर और वायदा बाजार में दोनों ही कीमती धातुओं की कीमतों में और मजबूती आने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में कटौती के चलते सोने-चांदी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। खास बात यह है कि चांदी, जो हाल के महीनों में सोने से पीछे रही है, अब अधिक आकर्षक निवेश विकल्प बन सकती है। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि चांदी दिवाली तक 1,05,000-1,10,000 रुपए प्रति किलो तक जा सकती है। उन्होंने निवेशकों को इस मौके का फायदा उठाने और चांदी पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इसके साथ ही जियोपॉलिटिकल टेंशन और फेस्टिव सीजन के चलते आने वाले दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है, वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से एक लाख करोड़ से ज्यादा निकाले

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अक्टूबर माह में अब तक एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की निकासी की है। एफआईआई ने 25 अक्टूबर तक 1,00,242.17 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इस महीने में एफआईआई ने हर दिन शेयर बेचे हैं। विश्लेषकों के मुताबिक चीन में प्रोत्साहन उपायों की झड़ी के बाद एफआईआई विदेशी बाजार से लगातार पैसे निकालकर ड्रैगन के बाजार में लगा रहे हैं।

## आरबीआई ने यूएई एक्स चेंज सेंटर का प्राधिकरण प्रमाणपत्र रद्द किया

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय ?रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक आवश्यकताओं का पालन न करने के कारण यूएई एक्सचेंज सैंटर एलएलसी का प्राधिकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक के इस कदम के बाद यूएई एक्सचेंज सैंटर एलएलसी (यूएईईसी) सीमा पार धन हस्तांतरण का कारोबार नहीं कर सकेगी। यूएईईसी का पंजीकृत कार्यालय दुबई में है। उसे सीमा पार धन हस्तांतरण परिचालक (ग्राहक से ग्राहक के बीच) के लिए ओवरसीज प्रिंसिपल के रूप में प्राधिकरण प्रमाणपत्र (सीओए) जारी किया गया था। आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली परिचालक का सीओए नियामक आवश्यकताओं का पालन न करने के कारण रद्द कर दिया गया है।

## डिजिटल संपर्क की गुणवत्ता के आधार पर संपत्तियों का आकलन होगा

- दूरसंचार ?नियामक ने एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की

नई दिल्ली (ईएमएस)। दूरसंचार नियामक ट्राई ने डिजिटल संपर्क की गुणवत्ता के आधार पर संपत्तियों का आकलन करने और उन्हें दर्जा देने के लिए एक रेटिंग मंच बनाने का फैसला किया है। संपत्ति प्रबंधक ग्राहकों के लिए अच्छे डिजिटल संपर्क देने के बारे में सोचें, इसीलिए नियामक ने एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। डिजिटल संपर्क की गुणवत्ता और दिए गए अंकों के आधार पर, संपत्तियों को स्टार रेटिंग दी जाएगी। यह रेटिंग एक स्टार से लेकर पांच स्टार तक होगी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि डिजिटल संपर्क रेटिंग के लिए संपत्तियों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। ये श्रेणियां – आवासीय, सरकारी संपत्तियां, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, अन्य निजी या सार्वजनिक क्षेत्र, स्टेडियम या खेल के मैदान या लोगों के जमा होने वाले सार्वजनिक स्थल और परिवहन गलियारे हैं। ट्राई ने एक नए रेटिंग ढांचे की रूपरेखा जारी करते हुए कहा कि 4जी (एलटीई) नेटवर्क के महत्वपूर्ण प्रसार, 5जी नेटवर्क की शुरुआत और अधिक स्पेक्ट्रम बैंड की उपलब्धता के बावजूद इमारतों के अंदर डिजिटल संपर्क का प्रसार और गुणवत्ता एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। ट्राई ने कहा कि इस मुद्दे को मुख्य रूप से सेवा प्रदाताओं और संपत्ति प्रबंधकों के सहयोग से हल किया जाना चाहिए। दूरसंचार नियामक ने बयान में कहा कि डिजिटल संपर्क रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के रूप में गतिविधि शुरू करने का इरादा रखने वाली किसी भी इकाई को पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर रेटिंग मंच पर पंजीकरण के जरिये ट्राई सूचीबद्ध करेगा।

# आरबीआई गवर्नर ने कहा- क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता के लिए बड़ा जोखिम

- सरकारें क्रिप्टोकरेंसी में संभावित नकारात्मक जोखिमों के बारे में भी जागरूक हो रही हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शांतिकांत दास कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बड़ा जोखिम है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है। आरबीआई गवर्नर दास ने थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीटयूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अपनी उपस्थिति के दौरान कहा ?कि वास्तव में मेरी राय यह है कि यह ऐसी चीज है जिसे वित्तीय प्रणाली पर हावी नहीं होने दिया जाना चाहिए। क्योंकि इसमें वित्तीय स्थिरता के बड़े जोखिम हैं और यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा इससे ऐसी स्थिति भी पैदा हो सकती है जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है। दास ने कहा कि सरकारें क्रिप्टोकरेंसी में संभावित नकारात्मक जोखिमों के बारे में भी जागरूक हो रही हैं और इससे जुड़े बड़े जोखिमों को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए।

उन्होंने कहा यह ऐसा कुछ नहीं है जिसके बारे में मुझे लगता है कि यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह दृष्टिकोण बहुत लोकप्रिय नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में, यह दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। उन्होंने कहा ?कि भारत क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सवाल उठाने वाला पहला देश था। भारत की अध्यक्षता में जी20 में इस पूरे क्रिप्टो इकोसिस्टम से निपटने के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर एक समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। दास ने कहा ?कि मुझे लगता है कि अभी और काम करने की जरूरत है। आरबीआई के दृष्टिकोण से मुझे लगता है कि हम पहले केंद्रीय बैंकों में से एक हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी के बारे में अपनी गंभीर चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। हम उन्हें बड़े जोखिमों, वित्तीय स्थिरता के लिए बड़े जोखिमों के रूप में देखते हैं।

# पीएम मोदी के सत्ता में आने के बाद पश्चिम एशियाई देशों से संबंध बहुत बेहतर हुए : जयशंकर

इंदिरा गांधी के बाद यूएई पहुंचे पीएम मोदी

पुणे (ईएमएस)। मोदी सरकार में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पदभार संभालने के बाद से पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। पुणे में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कूटनीतिक कोशिशों पर प्रकाश डाला। इसमें से एक उदाहरण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का है, जहां 2015 में पीएम मोदी ने यात्रा की थी यह दिवंगत इंदिरा गांधी के बाद किसी भारतीय पीएम को पहला दौरा था।

जयशंकर ने कहा कि यूएई की निकटता के बावजूद, उस देश से जुड़ने के लिए बहुत कम प्रयास किए गए। विदेश मंत्री के मुताबिक भारत का अपने पड़ोसियों के साथ एक जटिल इतिहास रहा है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने देशों को नई दिल्ली के साथ अपने रिश्तों पर फिर से सोचने को प्रेरित किया है, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर। हालांकि जयशंकर ने इस बात को खुले मन से स्वीकार किया कि कई पड़ोसी देशों ने अपने फायदे के लिए चीन की ओर रुख किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की उभरती हुई आर्थिक शक्ति है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।

जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है और दूसरा मुद्दा तनाव कम करना है। उन्होंने कहा, अगर मैं इस घटनाक्रम को थोड़ा पीछे ले जाऊं, तब 2020 से सीमा पर स्थिति खराब रही, जिसका चीन के साथ रिश्तों पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ा। सितंबर 2020 से हम समाधान खोजने के तरीके पर चीनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। समाधान के विभिन्न पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है, क्योंकि सैनिक एक-दूसरे के बहुत करीब हैं और किसी घटना की संभावना काफी है। इसलिए यह मुद्दों का पहला सेट है।विदेश मंत्री ने कहा, इसके बाद तनाव कम करना है। फिर एक बड़ा मुद्दा यह है कि आप सीमा का प्रबंधन कैसे करते हैं और सीमाओं पर कैसे बातचीत करते हैं। अभी चीन में जो कुछ भी हो रहा है, वह पहले चरण के कारण हो रहा है, जो कि पीछे हटने का फेज है। हम भारत-चीन सीमा पर गश्त के मुद्दों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे थे।

# हमले में100इजरायली मिलिट्री प्लेन होने का दावा गलत

ईरान ने कहा- एयर अटैक को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा इजरायल

तेहरान (ईएमएस)। ईरान ने रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि हमले में सैकड़ों इजरायली प्लेन शामिल थे। ईरान ने कहा कि इस हमले में 100 इजरायली मिलिट्री प्लेन होने का दावा करने वाली रिपोर्ट पूरी तरह से झूठ है, इजरायल अपने कमजोर हमले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश कर रहा है। इसे इजरायल की ओर से अपनी कार्रवाई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश बताया गया।

बता दें कि ईरान पर शनिवार तड़के हुए हवाई हमले के बाद ईरानी मीडिया ने इजरायली एयर अटैक से होने वाले नुकसान को मामूली बताया है और इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर हमले को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर दावे करने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में आगे दावा किया गया कि हमलों के दौरान इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरानी एयर स्पेस में एंट्री नहीं की और हमलों से केवल सीमित नुकसान हुआ। रिपोर्ट में इस बात से भी इनकार किया गया कि इजरायली हमले में तेहरान में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने कहा, आईडीएफ ने अपना मिशन पूरा कर लिया है। अगर ईरानी शासन ने नए सिरे से तनाव बढ़ाने की गलती की, तो हम जवाब देंगे। साथ ही कहा कि आईएएफ के विमान ऑपरेशन से सुरक्षित वापस आ गए हैं। आईडीएफ ने कहा, जो लोग इजरायल को धमकी देते हैं और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं, उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आज की कार्रवाई इजरायल राज्य और उसके नागरिकों की आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से रक्षा करने की हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बता दें ईरान ने अप्रैल और अक्टूबर में दो हमलों के दौरान इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दागी थीं।

तेहरान ऑयल रिफाइनरी पर नहीं हुआ अटैक

तेहरान ऑयल रिफाइनरी के प्रवक्ता ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि जिसमें इस साइट पर इजरायली हमले का दावा किया गया। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी सामान्य रूप से काम कर रही है। घटना के बाद, ईरान के वायु रक्षा बल ने हमलों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें इजरायल पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का कोशिश करने का आरोप लगाया गया। बयान में इजरायल के शासन को अपराधी, नाजायज, फर्जी बताया गया और दावा किया गया कि ईरानी एयर डिफेंस ने तेहरान, खुज़स्तान और इलम प्रांतों में सैन्य स्थलों पर हमले का सफलतापूर्वक सामना किया। स्थानीय मीडिया के एक हिस्से ने बताया कि हालांकि कुछ क्षेत्रों में सीमित नुकसान हुआ, लेकिन इसकी पूरी सीमा और प्रभाव की जांच की जा रही है।

आईडीएफ ने किया था सटीक हमले का ऐलान

इससे पहले आईडीएफ ने शनिवार को ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर सटीक और टारगेटेड हमले करने का ऐलान किया। इसके साथ ही तेहरान को चेतावनी दी कि अगर उसने तनाव बढ़ाने की गलती की तो जवाब दिया जाएगा। शनिवार सुबह इजरायली वायु सेना के सहयोग से तीन चरणों में ये हमले किए गए। यह कार्रवाई 1 अक्टूबर को तेहरान बैलिस्टिक मिसाइल अटैक का जवाब थी।

# जापान में उठी अमेरिकी सैनिक को 7 साल की सजा देने की मांग

नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न का मामला

टोक्यो (ईएमएस)। जापान में नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में एक अमेरिकी सैनिक को 7 साल की सजा देने की मांग उठी है। रिपोर्ट के मुताबिक जापानी अभियोजकों ने ओकिनावा प्रांत में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के आरोप में अमेरिकी सैनिक को कड़ी सजा देने की मांग की है।

रिपोर्टकेअनुसार, नाहा जिला अदालत में सरकारीअभियोजकों ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुरक्षा कैमरे के फुटेज और अन्य सबूतोंसेइसकासाक्ष्य मिलता है कि प्रतिवादी ब्रेनन जानता था कि लड़की की उम्र 16 से कम है। अभियोग के अनुसार, अमेरिकी वायु सेना के सदस्य ने कथित रूप से 24दिसंबर2023को एक पार्क में लड़की से बात करने के लिए नाबालिग को अपनी कार में बैठाया था। इसके बाद अमेरिकी सैनिक लड़कीको अपने घर ले गया और वहां नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत की। सैनिक को यह पता था कि लड़की सिर्फ 16 साल की है और इसके बावजूद उसके प्राइवेट पार्ट को भी छुआ।

बता दें कि ओकिनावा में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य ठिकाना मौजूद है, जो जापान में स्थित सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों का 70 फीसदी हिस्सा है। वहीं, देश के अन्य क्षेत्र में सिर्फ 0.6 प्रतिशत ही सैन्य ठिकाने मौजूद है।

# धर्म परिवर्तन को लेकर भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी

न्यूयॉर्क( ईएमएस )। पूरी दुनिया पाकिस्तान की हरकतों से बाकिफ उसकी अपनी करतूतें ही उसके लिए पीड़ादायक हैं। भारत ने धर्मांतरण के मामले में भारत ने पाकिस्तान को खूब खरी खरी सुना दी हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहस में कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की और कहा कि उसकी यह हरकत गलत सूचना फैलाने और शरारतपूर्ण उकसावे वाली है।बदलते परिवेश में शांति का निर्माण कर रही महिलाओं मुद्दे पर यूएनएससी की खुली बहस में भारत ने अपना वक्तव्य दिया और बैठक बुलाने के लिए स्विट्जरलैंड को धन्यवाद दिया।

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहस को संबोधित करते हुए, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि यह घृणित है, फिर भी पूरी तरह से अनुमान लगा सकते है कि एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) ने गलत सूचना और दुष्प्रचार फैलाने के लिए शरारती उकसावे वाली अपनी रणनीति का विकल्प चुना। आगे पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहा कि इस महत्वपूर्ण वार्षिक बहस में इस तरह के राजनीतिक प्रचार में शामिल होना पूरी तरह से गलत है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि उस देश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदू, सिख और ईसाइयों की महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं की दयनीय स्थिति पर इस्लामाबाद तो यहां जवाब देना चाहिए।

इसी के साथ हरीश ने कहा कि जैसे-जैसे हम परिषद 25वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, भारत महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम मानते हैं कि स्थायी शांति के लिए राजनीति, शासन, संस्था निर्माण, कानून का शासन, सुरक्षा क्षेत्र और आर्थिक सुधार सहित निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिलाओं की पूर्ण समान, सार्थक और सुरक्षित भागीदारी की आवश्यकता होती है। कहने की आवश्यकता नहीं है, सामान्य रूप से जनसंख्या और विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भलाई, स्थायी शांति का अभिन्न अंग है। पर्वतानेनी हरीश ने पाकिस्तान का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि उस विशेष देश के ह्यूमन राइट्स कमीशन के डेटा के अनुसार अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित हजारों महिलाएं हर साल अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन विवाह का शिकार होती हैं। उनको धर्मांतरण की तरफ जबरदस्ती धकेला जा रहा है। इसके बाद उन्होंने कहा कि वैसे भी, मैं आगे और बहुत कुछ कह सकता था, लेकिन मैं यहीं समाप्त करता हूं। उनकी यह टिप्पणी यूएनएससी में बहस के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा अपनी टिप्पणी में जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने के बाद आई है।

# न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में भारत को 113 रनों से हराकर 2-0 से सीरीज जीती

दूसरी पारी में भारतीय टीम 245 रनों पर ही सिमटी

पुणे (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट को तीन दिनों के अंदर ही 113 रन से जीत लिया। इस मैच में जीत के लिए मिले 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 245 रनों पर ही सिमट गयी। इससे पहले आज सुबह न्यूजीलैंड की पारी 255 रन पर आउट हुई। इस तरह उसने भारतीय टीम को जीत के लिए 359 रनों का लक्ष्य दिया। इस मैच में कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 259 रन बनाये थे। इसके जवाब में टीम इंडिया अपनी पहली पारी में केवल 156 रन ही बना पाई। इस प्रकार मेहमान टीम को पहली पारी के आधार पर 103 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिली हुई थी। इस मैच में जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने 2-0 से सीरीज भी जीत ली है। उसने बेंगलूर में खेला गया पहला टेस्ट भी 8 विकेट से जीता था। वहीं दूसरे दिन 16 रन पर एक विकेट गंवाकर खेल रही टीम इंडिया ने अच्छी शुरूआत की। शुभमन गिल 72 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर सैंटनर की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए जबकि विराट कोहली इस मैच में विफल रहे और मात्र एक रन पर आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल 30 रन बनाकर जबकि ऋषभ पंत 18 रन पर आउट हुए। तीसरे दिन न्यूजीलैंड टीम कल के स्कोर 5 विकेट पर 198 रन से आगे खेलते हुए255रन पर आउट हो गई। ग्लेन फिलिप्स 48 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं टॉम ब्लंडेल 83 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए। टिम साउदी (0), मिचेल सेंटनेर (4) और ऐजाज पटेल (1)भी टिक नहीं पाये। कीवी टीम 69.4 ओवर में 255 रन पर आउट हो गई। इससे भारत को 359 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने अच्छी शुरूआत की। हालांकि कप्तान रोहित रन नहीं बना पाये पर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने पारी को आगे बढ़ाया और 96रन तक ले गए। शुभमन 23 रन बनाकरआऊटहुए। विराट कोहली से उम्मीदें थीं पर वह भी 17 रन ही बना पाए। ऋषभ पंत अपना खाता तक नहीं खोल पाये। जायसवाल ने 65 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने मध्यक्रम में 21 रन बनाए पर सेंटनर और ग्लेन फिलिप्स की गेंदों का भारतीय टीम के पास कोई जवाब नहीं था। सेंटनर ने एक बार फिर से पारी में पांच विकेट लिए। चाय तक जडेजा और अश्विन क्रीज पर थे। चाय के बाद अश्विन 34 गेंदों पर 18 तो अकाश दीप 1 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। रवींद्र जडेजा ने एक छोर संभाला और नाबाद 42 रन बनाए पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। अंत में बुमराह ने भी कुछ शॉट लगाए पर तब तक मैच भारतीय टीम के हाथों से निकल गया था।

इससे पहले भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज करने का फैसला किया था। न्यूजीलैंड के पहले तीनों विकेट अश्विन ने लिए। पहले कप्तान टॉम लाथम (22 गेंदों पर 15 रन, 2 चौके) को पगबाधा किया और इसके बाद विल यंग (45 गेंदों पर 18 रन, 2 चौके) का विकेट लिया जिसमें उनका साथ विकेटकीपिंग कर रहे ऋषभ पंत ने कैच पकड़ कर दिया। तीसरा विकेट 44वें ओवर में आया जब अश्विन की गेंद पर डेवोन कॉन्वे (76 रन) पंत के हाथों कैच आउट हो गए। वाशिंगटन सुंदर ने अश्विन का साथ देते हुए लंच के बाद दो विकेट अपने नाम किए जिसमें पहला विकेट रचिन रवींद्र और दूसरा टॉम ब्लंडेल का था। सुंदर ने दोनों को बोल्ड किया। रचिन 105 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुए जबकि ब्लंडेल मात्र 3 रन ही बना सके।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस को 6 माह की अतिरिक्त जेल

दुबई (ईएमएस)। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की मुश्किलें बढ़ने वाली है। उन्हें ईरान के अधिकारियों ने 6 माह की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई है। इस पर मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस के लिए अभियान चलाने वाले समूह फ्री नगरिस गठबंधन का बयान सामने आया है। संगठन ने कहा कि मोहम्मदी को 19 अक्टूबर को आदेशों की अवहेलना और विरोध करने के आरोप में 6 माह की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई थी।

नरगिस नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला हैं, और 2003 में मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी के बाद नरगिस दूसरी ईरानी महिला हैं। नरगिस ने ईरानी अधिकारियों की ओर से सलाखों और गिरफ्तारियों के पीछे सालों रहने के बावजूद अपनी सक्रियता जारी रखी है। फिलहाल उन्हें ईरान की एविन जेल में रखा गया है। बता दें कि इस जेल में राजनीतिक कैदी और पश्चिमी देशों से संबंध रखने वाले लोग रहते हैं, इसमें वे पहले से ही 30 महीने की सजा काट रही थीं, जिसमें जनवरी के 15 और महीने जोड़े गए थे।

दरअसल नरगिस को 2021 में तब हिरासत में लिया गया था, जब उन्होंने गैसोलीन की कीमतों में वृद्धि के कारण 2019 में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में मारे गए एक व्यक्ति के स्मारक में जाने की कोशिश की थी। सलाखों के पीछे रहने के बावजूद नरगिस का हौसला नहीं टूटा और उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार के लिए एक ओपिनियन लिखा। उन्होंने अपने लेखों के दम पर ईरान सरकार को कई बार चुनौतियां दी हैं।

# इजरायल ने दहला दिया ईरानः सुबह-सुबह 100 फाइटर जेट से तेहरान पर कर दी बमबारी

यरुशलम( ईएमएस )। इजरायल ने शनिवार को ईरान के मिलिट्री ठिकानों पर हमला बोल दिया। माना जा रहा है कि इजरायल का ये हमला 1 अक्टूबर को ईरान के हमले का जवाब है। इजरायल ने कहा कि 7 अक्टूबर 2023 के बाद से ही ईरान और उसके प्रॉक्सी इजरायल पर लगातार हमले कर रहे हैं। तेल अवीव ने कहा कि किसी भी दूसरे देश की तरह इजरायल के पास भी अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का अधिकार है। इजरायल के मिलिट्री प्रवक्ता एडमिरल डेनियल हगारी ने लोगों से सतर्क रहने को कहा है, साथ ही इजरायली सेना ने अपने डिफेंस सिस्टम को हाई अलर्ट पर रखा है। इससे पहले ईरान ने कहा था कि उसके देश पर होने वाले किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

इजरायल ने शनिवार तड़के ईरान पर भीषण हमला बोला. इजरायली सेना ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि ईरान के सैन्य ठिकानों समेत तेहरान और आसपास के शहरों पर बमबारी की गई है। इजरायल की लोकल मीडिया के अनुसार ईरान पर हमला करने के लिए इजरायली सेना ने 100 से अधिक लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। इजरायल की इस कार्रवाई को ईरान की तरफ से 1 अक्टूबर को किए गए हमलों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

ईरान में सैन्य ठिकानों पर शनिवार के हमलों में 100 से अधिक इजरायली विमानों ने हिस्सा लिया। 2000 किमी दूर से किए गए इस हमले में एफ-35 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमले से पहले अमेरिका को इसकी जानकारी दे दी गई थी लेकिन वह ऑपरेशन में शामिल नहीं है।

एक अज्ञात इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा कि इजरायल ईरानी परमाणु ठिकानों या तेल क्षेत्रों पर हमला नहीं कर रहा है। उसका फोकस सैन्य लक्ष्यों पर है। इजरायली सेना ने भी पुष्टि की है कि वह सैन्य ठिकानों को टारगेट कर रहे हैं। अधिकारी के हवाले से कहा गया, हम उन चीजों को निशाना बना रहे हैं जिनसे हमें अतीत में खतरा था या भविष्य में खतरा हो सकता है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई का समर्थन करते हुए बाइडेन प्रशासन इजरायल से ऐसे लक्ष्यों पर हमला नहीं करने का आग्रह करता रहा है। ईरान की सरकारी एजेंसी का कहना है कि सेंट्रल तेहरान में गोलाबारी की आवाज सुनी जा रही है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के मुख्यालय के पास भी धमाकों की खबर है। ईरान के साथ-साथ इराक, सीरिया और लेबनान में भी धमाके सुने गए हैं. इराक ने अगली सूचना तक सभी हवाई अड्डों पर उड़ानें निलंबित कर दीं। अमेरिका का कहना है कि उसे ईरान पर इजरायल के हमले की जानकारी है और वह स्थिति पर नजर रख रहा है।

अमेरिका को दी गई जानकारी

इजरायल का हमला लगातार जारी है। तेहरान के साथ-साथ खुजेस्तान प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी शहरों अहवाज़ और अबादान में नए धमाकों की खबरें हैं। व्हाइट हाउस के अधिकारी का कहना है कि राष्ट्रपति बाइडेन को जानकारी दे दी गई है और वह इजरायल के जवाबी हमले पर करीब से नजर रख रहे हैं। इजरायल ने नागरिक उड्डयन के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। इजरायल ने स्थानीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे तक अपने हवाई क्षेत्र को नागरिक उड्डयन के लिए पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की है

तीन देशों के एयरस्पेस बंद अब तक के बड़े अपडेट

1. इजरायल के हमले के बाद इराक, ईरान और इजरायल के एयर स्पेस बंद कर दिए हैं। माना जा रहा है कि ईरान पर एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा फाइटर जेट शामिल थे।

2. ईरान पर हमला करने से पहले इजरायल ने अमेरिका को इस बारे में जानकारी दी। हालांकि अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को ईरान पर हुए हमले में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।

3. ईरान पर इजरायल के हमले के बाद अभी तक किसी के मरने की कोई खबर नहीं आई है। हालांकि पूर्वी तेहरान में शनिवार की सुबह भी चार बड़े ब्लास्ट होने की सूचना है।

4. ईरान पर इजरायल का हमला उस समय हुआ है, जब अमेरिका के गृह मंत्री एंथनी ब्लिंकेन इजरायल के दौरे पर हैं, ताकि अन्य देशों से बातचीत कर मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित की जा सके। शनिवार को दक्षिणी पूर्व लेबनान में इजरायल ने एक जर्नलिस्ट कंपाउंड पर हमला करके तीन पत्रकारों को मार दिया। इजरायल के इस हमले की पूरी दुनिया ने घोर निंदा की है।

5. ईरान की एजेंसी ने कहा है कि इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए तेहरान पूरी तरह तैयार था। इस बात में कोई शक नहीं है कि इजरायल के हमले का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

6. इजरायल के हमले को देखते हुए इराक ने अपने सभी एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स का ऑपरेशन सस्पेंड कर दिया है। इजरायल सिर्फ ईरान से ही नहीं बल्कि लेबनान और सीरिया से भी सीधे लड़ रहा है।

7. ईरान पर इजरायल के हमले को अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस करार दिया है। अमेरिका ने कहा है कि इजरायल ने हमला करने से पहले वॉशिंगटन को इसकी जानकारी दी थी।

8. खबरों के मुताबिक ईरान और सीरिया के साथ इजरायल ने इराक को भी निशाना बनाया। माना जा रहा है कि कम से कम 6 ठिकानों पर बम बरसाए गए हैं।

9. वहीं स्थानीय मीडिया ने सीरिया में भी इजरायल के हमले की खबर है। हमले के बाद ईरान के कोम शहर में अफरातफरी का माहौल है।

10. शनिवार की सुबह इजरायल की ओर से ईरान की राजधानी तेहरान और पास के शहरों में 5 से 10 विस्फोट की खबरें आईं। बाद में इजरायल ने इसे सेल्फ डिफेंस में किया गया हमला करार दिया।

## हिसाब बराबर अब सैन्य टकराव खत्म हो

वाशिंगटन,( ईएमएस )। ईरान पर इजराल ने एक बड़ा हमला किया है, जिसके फौरन बाद ही अमेरिका ने एक बयान में कहा कि अब हिसाब बराबर हो चुका है और इसी के साथ प्रत्यक्ष सैन्य टकराव खत्म हो जाना चाहिए। इसी के साथ अमरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद उसने कोई कार्रवाई की तो उसे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

ईरान को जवाब देते हुए इजराइल के हमले के बाद ईरान और इजराइल के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में अमेरिका ने कहा है कि अब प्रत्यक्ष सैन्य टकराव को समाप्त होना चाहिए। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इजराइल के सैन्य अभियान के बाद अब दोनों देशों के बीच हिसाब बराबर हो चुका है, और आगे किसी भी प्रत्यक्ष हमले की आवश्यकता नहीं है। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइल पर कोई भी जवाबी हमला अंजाम भुगतने जैसा होगा।

इस बयान से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने पूरे अभियान की जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इजराइली सैन्य अभियान व्यापक, सटीक और लक्षित था, और इसमें अमेरिका की कोई संलिप्तता नहीं है। यहां व्हाइट हाउस ने कहा है कि अन्य सहयोगी देशों ने भी दोनों पक्षों से सैन्य संघर्ष रोकने की अपील की है, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता बनी रहे।

